भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1496

उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026
20 माघ, 1947 (शक)

राष्ट्रमंडल खेल 2010

1496. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 2010 में नई दिल्ली में आयोजित भारत के पिछले राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान निर्माण उच्च गुणवत्ता का नहीं होने के कारण कई लोगों को दंडित किया गया है और ड्यूटी पर तैनात कई अधिकारियों को भी यौन उत्पीड़न में संलिप्त पाया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में जिन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी उनकी कुल संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूजी) 2010 दिल्ली, के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा एक आयोजन समिति (ओसी) का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य खेलों का संचालन करना था। आयोजन समिति का किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य, जो खेलों के दौरान नई दिल्ली में किया गया था, से कोई संबंध नहीं था । अतः निर्माण गुणवत्ता के आधार पर व्यक्तियों को दंडित करने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता। इसके साथ ही, उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार, खेलों के दौरान आयोजन समिति, सीडब्ल्यूजी के किसी भी अधिकारी के विरुद्ध यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई।

(ख) एवं (ग): उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता|

*****